ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 21 नवम्बर 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 3 अंक 198

दिल्ली की हवा फिर हुई जहरीली, AQI 279 पर पहुंचा; कई इलाकों में हालात बेहद खराब



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का खतरा एक बार फिर बढ़ने लगा है। सर्दी बढ़ने के साथ ही हवा की गुणवत्ता लगातार प्रभावित हो रही है। शनिवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 279 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सुबह और शाम के समय वातावरण में धुंध और स्मॉग छाने से लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के आंकड़ों के अनुसार, राजधानी के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर 300 के पार पहुंच गया है। एम्स क्षेत्र में AQI 369, चांदनी चौक में 365 और वजीरपुर में 332 दर्ज किया गया। इन इलाकों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। प्रदूषण के कारण बुजुर्गों, बच्चों और सांस संबंधी परेशानी से जूझ रहे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

धीमी हवाओं और मौसम में बदलाव से बढ़ी परेशानी

विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दियों के दौरान हवा की गति कम होने और वातावरण में प्रदूषक कणों के लंबे समय तक बने रहने से प्रदूषण बढ़ जाता है। वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल और अन्य प्रदूषणकारी तत्व भी हवा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। सुबह के समय कम तापमान के कारण प्रदूषक कण जमीन के नजदीक जमा हो जाते हैं, जिससे लोगों को अधिक परेशानी होती है।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रशासन सतर्क

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) के तहत नियंत्रण उपायों पर जोर दिया जा रहा है। इसमें सड़कों की नियमित सफाई, पानी का छिड़काव, निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण और प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों की निगरानी जैसे कदम शामिल हैं।

प्रदूषण से बचाव के लिए विशेषज्ञों ने लोगों को सुबह और शाम के समय लंबे समय तक बाहर रहने से बचने, अधिक प्रदूषण वाले क्षेत्रों में जाने से परहेज करने और जरूरत पड़ने पर अच्छी गुणवत्ता वाला मास्क इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है कि राजधानी के लोगों को साफ हवा कब मिल पाएगी। आने वाले दिनों में मौसम और हवा की गति के साथ AQI में बदलाव पर नजर रहेगी।

सोना इस हफ्ते 12 हजार सस्ता, 1.24 लाख पर आया:चांदी 25 हजार गिरकर 1.53 लाख पर आई, जाने अपने शहरों में दाम



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, सोने की कीमत में 11,991 रुपए की बड़ी गिरावट आई है, जिससे 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.24 लाख रुपए पर आ गया है।

वहीं, 1 किलो चांदी 24,972 रुपए गिरकर 1.53 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले पिछले हफ्ते (13 नवंबर) को सोना 1.36 लाख रुपए और चांदी 1.78 लाख रुपए पर थी।

अमेरिकी डॉलर में मजबूती और ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के चलते सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

बिटकॉइन 2 साल के निचले स्तर $56,195 पर आया:24 घंटे में निवेशकों की दौलत $2 बिलियन घटी, एथेरियम 9% और क्रिप्टो मार्केट कैप 7.58% गिरा



24 न्यूज अपडेट

दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन 21 नवंबर को दो साल से ज्यादा के निचले स्तर पर आ गई है। यह $60,000 के अहम स्तर को तोड़ते हुए 8.56% की गिरावट के साथ $56,195.22 पर ट्रेड कर रही है। यह सितंबर 2024 के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के व्हाइट हाउस पहुंचने के बाद बिटकॉइन में जो तेजी आई थी, वह अब पूरी तरह पलट गई है। अक्टूबर 2025 में बनाए गए $1,26,000 के अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से बिटकॉइन अब आधे से भी ज्यादा टूट चुका है।

पूरे क्रिप्टो मार्केट में गिरावट, एथेरियम और BNB भी 9% से ज्यादा टूटे

कॉइनमार्केटकैप (CoinMarketCap) के डेटा के मुताबिक, इस गिरावट के चलते पूरे क्रिप्टो मार्केट का कैपिटलाइजेशन 7.58% घटकर $1.95 ट्रिलियन रह गया है। पिछले 24 घंटे में कुल ट्रेडिंग वॉल्यूम $136.33 बिलियन रहा। बाजार में निवेशकों के बीच डर का माहौल इतना बढ़ गया है कि 'फियर एंड ग्रीड इंडेक्स' (Fear and Greed Index) गिरकर 6 पर आ गया है, जो 'एक्सट्रीम फियर' (अत्यधिक डर) की श्रेणी में आता है।

मणिपुर में जहरीली शराब का कहर, 11 लोगों की मौत और 300 से ज्यादा अस्पताल में भर्ती; सरकार ने दिए जांच के आदेश



24 न्यूज अपडेट

इंफाल। मणिपुर में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से बड़ा हादसा सामने आया है। चंदेल जिले में जहरीली शराब के सेवन के बाद कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 300 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। राज्य सरकार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, 18 नवंबर से चकपीकारोंग और आसपास के क्षेत्रों में लोगों की तबीयत बिगड़ने के मामले सामने आने लगे। शराब पीने के बाद कई लोगों को चक्कर आना, पेट दर्द और अन्य गंभीर परेशानियां हुईं। हालत बिगड़ने पर उन्हें इंफाल के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। कुछ मरीजों को गंभीर स्थिति के चलते विशेष उपचार और डायलिसिस की जरूरत भी पड़ी।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर जाना मरीजों का हाल

घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने शुक्रवार को इंफाल के शिजा और बाबिना अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जाना। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चंदेल जिले में चिकित्सा सहायता मजबूत करने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और जरूरी दवाइयां भेजी गई हैं।

मेथनॉल से जहरीली शराब बनने की आशंका

प्रारंभिक जानकारी में शराब में मेथनॉल जैसे जहरीले रसायन की आशंका जताई गई है। हालांकि, मौतों के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच और चिकित्सकीय परीक्षण के बाद ही होगी। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध शराब पड़ोसी काकचिंग जिले के सुगनू इलाके से लाई गई होने की जानकारी सामने आई है।

चक्रवात अकवान कमजोर होकर डिप्रेशन में बदला, ओडिशा-बंगाल में भारी बारिश का अलर्ट



24 न्यूज अपडेट

भुवनेश्वर/ कोलकाता। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवात अकवान कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल गया है। हालांकि इसके प्रभाव से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में मौसम का मिजाज बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग ने कई क्षेत्रों में भारी बारिश, तेज हवाओं और गरज-चमक को लेकर चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात के कमजोर पड़ने के बावजूद इसके प्रभाव से तटीय क्षेत्रों में बादल छाए रहने और रुक-रुककर बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर तेज बारिश से जलभराव की स्थिति भी बन सकती है।

प्रशासन ने समुद्र तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और मौसम विभाग की एडवाइजरी का पालन करने की सलाह दी है। मछुआरों को भी समुद्र में जाने से पहले मौसम की स्थिति पर ध्यान देने को कहा गया है।

फिलहाल दोनों राज्यों में मौसम विभाग की टीमें हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

लद्दाख में आठ साल बाद पंचायत और निकाय चुनाव, कड़ाके की ठंड के बीच आठ जिलों में मतदान



24 न्यूज अपडेट

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आठ साल के लंबे अंतराल के बाद शनिवार को पंचायत और नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ। लद्दाख के अलग केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद पहली बार स्थानीय निकायों के चुनाव आयोजित किए जा रहे हैं। कड़ाके की ठंड के बावजूद मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिला।

चुनाव प्रक्रिया के तहत लेह और कारगिल नगर परिषदों के साथ सभी आठ जिलों में पंचायत चुनाव कराए जा रहे हैं। मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआ और शाम 5 बजे तक चला। शहरी क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला है, जबकि कई सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। ग्रामीण पंचायत चुनाव गैर-दलीय आधार पर हो रहे हैं।

कई सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन

लद्दाख की 192 पंचायत हलकों में से 55 सरपंच पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। शेष 137 सरपंच पदों के लिए मतदान हुआ। इसी तरह कुल 1,428 पंच पदों में से 1,186 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए, जबकि 242 पदों के लिए वोट डाले गए।

नगर निकाय चुनाव में लेह नगर परिषद के सभी 21 वार्डों में मतदान हुआ। वहीं कारगिल नगर परिषद के 17 वार्डों में से 4 वार्डों में उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके हैं और शेष 13 वार्डों में मतदान कराया गया।

कड़ाके की ठंड में भी किए विशेष इंतजाम

लद्दाख में नवंबर के दौरान अत्यधिक ठंड को देखते हुए प्रशासन ने मतदान केंद्रों पर हीटिंग, सुरक्षा और परिवहन की विशेष व्यवस्थाएं कीं। संवेदनशील और दूरस्थ इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था भी की गई।

इन चुनावों को लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को फिर से मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पंचायत और निकाय चुनावों के बाद 4 दिसंबर को लद्दाख की आठ स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों के लिए भी चुनाव प्रस्तावित हैं।

केएल राहुल का शतक, गिल 98 रन पर आउट; भारत को 118 रन की बढ़त



24 न्यूज अपडेट

न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट के तीसरे दिन भारत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए स्टंप तक 486/ 4 रन बना लिए। केएल राहुल ने 136 रन की शानदार पारी खेलकर शतक जड़ा, जबकि कप्तान शुभमन गिल 98 रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत 55 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने पहली पारी में न्यूजीलैंड के 368 रन के जवाब में 118 रन की बढ़त हासिल कर ली।

संपादकीय : रियायत बनाम दायित्व

वैश्विक स्तर पर देश की अर्थव्यवस्था को अगर शीर्ष क्रम की दौड़ में मजबूत स्थिति में बताया जा रहा है तो इसके पीछे एक सुचिंतित आर्थिक नीति और उद्योग जगत का योगदान है। देश का औद्योगिक क्षेत्र आज चुनौतियों के सामने खुद को सक्षम पा रहा है, तो इसमें सरकार से अनेक स्तर पर मिली रियायतें और कर- छूट के सहयोग की बड़ी भूमिका रही है। हालांकि सरकारी रियायतें हासिल करने के समांतर होना यह चाहिए था कि उद्योग जगत इसके लाभ का विस्तार और वितरण अपने कामगारों से लेकर आम लोगों तक करता, लेकिन हुआ यह कि कंपनियों ने अपने लिए तो मुनाफे का दायरा विस्तृत कर लिया, लेकिन न तो नई नौकरियों का अपेक्षित विस्तार हुआ और न ही मौजूदा कर्मचारियों के वेतन में आनुपातिक और न्यायपूर्ण बढ़ोतरी हुई। यही नहीं, वस्तुओं की कीमतों में लगातार इजाफे के बावजूद ज्यादातर कंपनियों के उत्पाद की गुणवत्ता और मात्रा में जिस स्तर की गिरावट देखी गई, उससे यह सवाल उठा है कि आखिर बेहिसाब मुनाफे के एवज में कंपनियां देश और समाज को क्या दे रही हैं ! देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले कारकों को मजबूत करने के लिए सरकार अपनी ओर से कुछ अतिरिक्त सुविधाएं मुहैया कराती है, तो कायदे से उसके उपयोग के परिणामों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। विडंबना यह है कि सरकार इसे उम्मीद के सहारे छोड़ देती है और इस नीति से लाभ उठाने वाली कंपनियां अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेती हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उद्योग जगत के सामने जो सवाल रखे हैं, वे वक्त का तकाजा हैं और आम लोगों के हक का हिसाब खोजने की तरह है। गौरतलब है कि फेडरेशन आफ इंडियन चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री यानी फिक्की के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर हुई एक बैठक में प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से पूछा कि सरकार की ओर से करों में रियायत दिए जाने के बावजूद कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या और उनके वेतन में उसी अनुपात में बढ़ोतरी क्यों नहीं की। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि उद्योग जगत सरकार से मिली रियायतों का लाभ उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने और उन्हें विश्वस्तरीय बनाने में खर्च नहीं कर रहा। अर्थव्यवस्था को आंकड़ों के आईने में देखे जाने के समांतर प्रधानमंत्री ने जो सवाल उठाए हैं, आमतौर पर उनकी अनदेखी का हासिल यह रहा है कि देश के आर्थिक संपनों पर कब्जा तथा मुनाफे का दायरा कुछ लोगों और तबकों के बीच सिकुड़ता गया है। वहीं ज्यादातर आबादी रोजी-रोटी और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की फिक्र में अपने वाजिब हक से दूर होती गई है। एक ओर सरकार ने अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के मकसद से उद्योग जगत को हर स्तर पर रियायतें या कर राहत दी, लेकिन इन सुविधाओं को कंपनियों ने अपने मुनाफे का जरिया बना लिया। नए रोजगार देने, मौजूदा कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने और उन्हें अन्य अधिकार देना तो दूर, कीमतों में इजाफे के बावजूद बहुत सारी कंपनियों के उत्पादों की गुणवत्ता में या तो गिरावट देखी गई या फिर उनकी मात्रा में इस तरह कमी की गई कि लोगों का ध्यान उस पर नहीं जाए। ठीक इसी समय निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की गुणवत्ता के अलग मानक देखे जा सकते हैं। सवाल है कि क्या देश के आम नागरिक उचित कीमत पर बेहतरीन गुणवत्ता और मात्रा वाली वस्तुएं हासिल करने के हकदार नहीं है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि रोजगार के अभाव और आय में कमी के बीच अगर लोगों की क्रयशक्ति कमजोर होती है, तो इसका खमियाजा आखिरकार उद्योग जगत को भी भुगतना पड़ सकता है।

सहयोग के मोर्चे

अमेरिका, चीन और रूस तीन ऐसे देश हैं, जिनकी नीतियां तथा फैसले पूरी दुनिया की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इन तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की बीते गुरुवार को हुई बैठक को अंतरराष्ट्रीय समीकरणों और कूटनीति की लिहाज से एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है । राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया के संघर्ष, परमाणु हथियारों की होड़ और आर्थिक अस्थिरता जैसी अनेक चुनौतियों से जूझ रही है। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र में सुधार, परमाणु जोखिम कम करने और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाने जैसे मुद्दों पर सहमति बनना अपने आप में महत्त्वपूर्ण है। ये तीनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं और इनके बीच किसी तरह के सैन्य टकराव के गंभीर परिणाम पूरी दुनिया को भुगतने पड़ सकते हैं। इसके अलावा, वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने और संयुक्त राष्ट्र में सुधार समय की मांग है, लेकिन देखना होगा कि इन मुद्दों को लेकर धरातल पर कितनी प्रगति हो पाती है। इस ऐतिहासिक बैठक का एक अहम संदेश यह भी है कि वैश्विक शक्ति संतुलन को लेकर मतभेद रखने वाले शक्तिशाली राष्ट्र भी संवाद का रास्ता अपना सकते हैं। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका और उसकी निर्णय प्रक्रिया को लेकर सवाल उठते रहे हैं। बदलती वैश्विक परिस्थितियों में इस संस्था को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और प्रतिनिधित्व बनाने की जरूरत है। इसके लिए सिर्फ घोषणा नहीं, बल्कि सदस्य देशों के हितों और समानता के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाने होंगे ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में सहयोग की सहमति का भी व्यापक महत्त्व है। वर्तमान में वैश्विक ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे में ऊर्जा उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने की दिशा में तीनों देशों का सहयोग अंतरराष्ट्रीय बाजार को स्थिरता देने में सहायक हो सकता है। मगर इस बैठक की असली सफलता तब साबित होगी, जब सहमति को ठोस नीतियों और कार्ययोजनाओं में बदला जाएगा। आज दुनिया को शक्ति प्रदर्शन और टकराव की नहीं, बल्कि सहयोग, विश्वास और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की जरूरत है ।

उदयपुर जिला प्रमुख की कुर्सी को लेकर भाजपा में घमासान, हिम्मत सिंह और चंद्रगुप्त सिंह चौहान के नामों पर चर्चा

24 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी, जिला प्रमुख के चयन को लेकर पार्टी में अंदरूनी खींचतान तेज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिला परिषद चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद अब उदयपुर में जिला प्रमुख की कुर्सी को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। जिला परिषद की कुल 47 सीटों में भाजपा ने 24 सीटों पर जीत दर्ज कर अपना दबदबा कायम किया है। वहीं कांग्रेस को 22 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जबकि भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) ने एक सीट जीतकर अपना खाता खोला है।

चुनावी नतीजों के बाद भाजपा के पास जिला प्रमुख बनाने के लिए आवश्यक संख्याबल मौजूद है, लेकिन अब पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस पद के लिए चेहरे का चयन करना है। जिला प्रमुख की कुर्सी को लेकर भाजपा के भीतर दावेदारों और राजनीतिक समीकरणों की चर्चा शुरू हो गई है।

दो नामों पर सबसे ज्यादा चर्चा

जिला प्रमुख पद के लिए भाजपा में हिम्मत सिंह और चंद्रगुप्त सिंह चौहान के नाम प्रमुखता से चर्चा में बताए जा रहे हैं। दोनों नामों को लेकर पार्टी के राजनीतिक गलियारों में अलग-अलग समीकरणों की चर्चा है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व किस चेहरे पर भरोसा जताता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

बहुमत के बावजूद चुनौती आसान नहीं

भाजपा ने 24 सीटों के साथ बहुमत का आंकड़ा हासिल किया है, लेकिन जिला प्रमुख का चुनाव पार्टी के लिए केवल संख्या बल का मामला नहीं रह गया है। संगठन में संतुलन, नेताओं की सहमति और राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए अंतिम निर्णय लेना होगा।

कांग्रेस की नजर भी राजनीतिक घटनाक्रम पर

कांग्रेस ने 22 सीटें जीतकर भाजपा को कड़ी चुनौती दी है। वहीं बीएपी की एक सीट ने भी चुनावी मुकाबले को राजनीतिक रूप से दिलचस्प बनाया है। अब जिला प्रमुख के चयन को लेकर भाजपा के अगले कदम पर राजनीतिक हलकों की नजर रहेगी।

फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि उदयपुर जिला परिषद की कमान हिम्मत सिंह के हाथों में जाएगी या चंद्रगुप्त सिंह चौहान के नाम पर मुहर लगेगी। भाजपा नेतृत्व का फैसला ही जिला प्रमुख की कुर्सी की तस्वीर साफ करेगा।

एमबी अस्पताल में ठेका कर्मचारियों का आर-पार का ऐलान, काम छोड़ आंदोलन की चेतावनी से मचा हड़कंप!



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। संभाग के सबसे बड़े महाराणा भूपाल (एमबी) अस्पताल में ठेका कर्मचारियों का आक्रोश सामने आया है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे कामकाज छोड़कर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से उनकी समस्याओं और मांगों को लेकर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है, लेकिन समाधान नहीं होने से उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। अब कर्मचारियों ने साफ कर दिया है कि केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, बल्कि उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई करनी होगी।

कर्मचारियों की आंदोलन की चेतावनी के बाद अस्पताल प्रबंधन के सामने भी चुनौती खड़ी हो सकती है। यदि ठेका कर्मचारी काम बंद करते हैं तो अस्पताल की व्यवस्थाओं पर असर पड़ने की आशंका है। ऐसे में मरीजों और उनके परिजनों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

अब देखना होगा कि अस्पताल प्रशासन और संबंधित ठेका एजेंसी कर्मचारियों की मांगों पर क्या कदम उठाते हैं और आंदोलन की नौबत आने से पहले कोई समाधान निकल पाता है या नहीं।

फतहसागर किनारे तारों में लगी आग से मचा हड़कंप, महापौर पारस सिंघवी ने मौके पर पहुंच संभाला मोर्चा!



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर की प्रसिद्ध फतहसागर झील के किनारे तारों में अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। तारों से उठती आग की लपटों और धुएं को देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम महापौर पारस सिंघवी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

महापौर ने मौके पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आग लगने के कारणों और तारों की स्थिति की जानकारी लेते हुए समस्या का जल्द समाधान करने पर जोर दिया।

फतहसागर शहर का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में शहरवासी और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में झील किनारे तारों में आग लगने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

फिलहाल घटना के कारणों और नुकसान को लेकर विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग तारों की सुरक्षा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाते हैं।

गाय की निकाली शव यात्रा, शोकसभा भी रखी: 'मां' की तरह 10 साल तक पाला था, जन्मदिन पर काटा था केक



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा शहर में गो-प्रेम और संवेदना की अनूठी मिसाल देखने को मिली है। यहां गोपालक ने अपनी गाय 'गौरी' को न सिर्फ मां की तरह पाला, बल्कि बीमारी में सेवा की और उसके निधन पर मेवाड़ी परंपरा के अनुसार बैंड-बाजे के साथ 'डोल' (अंतिम यात्रा) निकालकर विदाई दी। कोठारी नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया।

गौरी गाय का निधन शुक्रवार दोपहर हुआ। उसकी उम्र 10 वर्ष थी। भीलवाड़ा के विजय सिंह पथिक नगर में रहने वाले अशोक गट्टानी व परिवार उसे छोटी उम्र में घर लाए थे। गट्टानी परिवार की लाडली गाय 'गौरी' पिछले कुछ दिनों से बीमार थी। शुक्रवार दोपहर उसके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

परिवार ने गौरी को फूल-मालाओं से सजे वाहन में रखकर नई लाल चुनरी ओढ़ाई। इसके बाद मेवाड़ी परंपरा के साथ नगर भ्रमण कराते हुए उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई। गौरी की अंतिम यात्रा में आगे-आगे बैंड-बाजे बज रहे थे और पीछे लोग भजन-कीर्तन करते चल रहे थे। गली-मोहल्लों में लोगों ने गौ माता के जयकारे लगाए।

हर घर के दरवाजे पर लोग गौरी को अंतिम विदाई देने के लिए खड़े थे। महिलाओं ने भी गौरी को लाल गोटे वाली चुनरी ओढ़ाकर अंतिम प्रणाम किया।

स्वदेशी वस्तुओं के साथ परिवार भी स्वदेशी हों : बी.सी. भरतिया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 21 नवंबर। कैट उदयपुर चैप्टर एवं कैट वूमेन विंग की ओर से सीपीएस स्कूल के बैंक्वेट हॉल में कैट राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया का अभिनंदन, वूमेन विंग की वेबसाइट लॉन्चिंग और दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया।

भरतिया ने कहा कि स्वदेशी का संकल्प केवल वस्तुओं की खरीद तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि परिवार, शिक्षा, सोच और व्यवसाय में भी स्वदेशी भावना अपनानी होगी। उन्होंने युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी बनाने पर जोर दिया। साथ ही स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और व्यापारियों को प्रोत्साहन देने का आह्वान किया।

समारोह में मेवाड़ की वीरांगनाओं, हाड़ी रानी, रानी पद्मिनी और महाराणा प्रताप के शौर्य पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। राजस्थानी स्वागत नृत्य और तलवार नृत्य ने मेवाड़ की संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाई।

कार्यक्रम में कैट वूमेन विंग की नई वेबसाइट का लोकार्पण भी किया गया। इसके माध्यम से महिला उद्यमियों को डिजिटल पहचान, अपने उत्पादों के प्रचार और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक नेटवर्क बनाने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर कैट उदयपुर अध्यक्ष दिनेश चोरड़िया, संरक्षक मनीष गलुंडिया, विजयलक्ष्मी गलुंडिया सहित संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

निम्बाहेड़ा में अन्नकूट महोत्सव की धूम, ठाकुरजी को 251 थालों में धराया छप्पन भोग



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। मेवाड़ की धर्मनगरी निम्बाहेड़ा स्थित श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ पर देव प्रबोधनी एकादशी के अवसर पर भव्य अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आराध्य राजाधिराज ठाकुरजी के दिव्य शृंगार और छप्पन भोग के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

महोत्सव में ठाकुरजी को मिष्ठान, विविध व्यंजन, सूखे मेवे और मौसमी फलों से सजे 251 थाल अर्पित किए गए। तुलसी और शालिग्राम के सानिध्य में सजी भोग की मनोहारी झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही।

शाम 7 बजे ठाकुरजी की विशेष महाआरती हुई। घंटियों की मधुर ध्वनि और जयकारों से पूरा वेदपीठ परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने प्रभु के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

21 क्विंटल महाप्रसादी का वितरण

अन्नकूट महोत्सव के दौरान करीब 21 क्विंटल महाप्रसादी तैयार की गई, जिसे श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी को ठाकुरजी का आशीर्वाद मानकर ग्रहण किया। पूरे आयोजन में भक्ति, आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इंस्टाग्राम रील देखकर ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने चली युवती, वीडियो कॉल पर सामान दिखाकर ठग ने ऐंठे रुपये



24 न्यूज अपडेट

जयपुर के बिंदायका में इंस्टाग्राम पर ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने के चक्कर में 32 वर्षीय युवती से 1.07 लाख रुपये की साइबर ठगी हो गई। ठग ने वीडियो कॉल पर सामान दिखाकर भुगतान कराया और बाद में लॉकर में सामान होने का झांसा देकर अतिरिक्त रकम मांगी।

इंस्टाग्राम पर रील देखने के दौरान ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने के चक्कर में एक युवती साइबर ठगी का शिकार हो गई। शातिर ठग ने वीडियो कॉल पर सामान दिखाकर युवती से 1.07 लाख रुपये ऐंठ लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने बिंदायका थाने में मामला दर्ज कराया है। सहायक उपनिरीक्षक नरेश चंद के अनुसार बिंदायका के सिंवार निवासी 32 वर्षीय ज्योति ने इस संबंध में शिकायत दी है।

इंस्टाग्राम लिंक से वॉट्सऐप तक का खेल

शिकायत के अनुसार ज्योति 16 नवंबर को इंस्टाग्राम पर रील देख रही थी। इसी दौरान ब्यूटी प्रोडक्ट मंगवाने के लिए उसने एक लिंक पर क्लिक किया। लिंक खुलते ही उसने अपनी व्यक्तिगत जानकारी के साथ अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद पीड़िता के मोबाइल नंबर पर वॉट्सऐप पर संदेश आया। ठग ने वॉट्सऐप संदेश के जरिये ज्योति से ब्यूटी प्रोडक्ट के संबंध में बातचीत की। इसके बाद आरोपी ने वॉट्सऐप वीडियो कॉल करके सारे ब्यूटी प्रोडक्ट दिखाए। बातचीत के दौरान ठग ने युवती को भरोसा दिलाया और सामान भेजने से पहले ऑनलाइन भुगतान करने को कहा। आरोपी के झांसे में आकर पीड़िता ने बताए गए खाते में कुल 1.07 लाख रुपये की राशि स्थानांतरित कर दी।

लॉकर और एफआईआर की धमकी

रुपये प्राप्त करने के बाद भी आरोपी ने सामान डिलीवर नहीं किया। जब पीड़िता ने ब्यूटी प्रोडक्ट की डिलीवरी के संबंध में आरोपी से संपर्क साधा, तो उसने नया पैंतरा आजमाया। ठग ने युवती को बताया कि उसका सारा सामान लॉकर में रखवा दिया है और उसे छुड़ाने के लिए अतिरिक्त रुपये देने होंगे।

खेत में पानी देते समय महिला किसान बेहोश होकर गिरी:अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र के गुमानपुरा गांव में खेत में गेहूं की बुवाई के लिए पानी दे रही महिला किसान ममता अहारी की अचानक बेहोश होकर गिरने से मौत हो गई। वह घर के पास खेत में पानी लगा रही थी। इसी दौरान अचानक गीली मिट्टी में औंधे मुंह गिर पड़ी। परिजन उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

मजदूरी के लिए गया था पति, पिता ने दी सूचना

सदर थाने के एएसआई बंशीलाल ने बताया कि ममता का पति दिनेश अहारी मजदूरी के लिए रतनावाड़ा गया हुआ था। इस दौरान ममता घर के पास खेत में गेहूं की बुवाई के लिए पानी देने गई थी। तभी दिनेश के पिता भेमजी ने फोन कर उसे बताया कि ममता खेत में पानी देते समय अचानक गिरकर बेहोश हो गई है।

गीली मिट्टी में औंधे मुंह पड़ी मिली ममता

सूचना मिलने पर दिनेश घर पहुंचा तो ममता खेत में गीली मिट्टी के बीच औंधे मुंह पड़ी हुई थी। परिजन उसे खेत से उठाकर घर ले गए। इसके बाद निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

ममता के पति दिनेश अहारी ने दोवड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जयपुर में फर्जी दस्तावेजों से SBI को 48 लाख की चपत, 4 बैंक खातों से उठाया लोन; धोखाधड़ी का खुलासा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में SBI बैंक को 48 लाख रुपए की चपत लगाने का मामला सामने आया है। फेक डॉक्यूमेंट्स से तैयार की फाइल बैंक में लगाकर 4 लोन अकाउंट से रकम उठा ली गई। मालपुरा गेट थाने में SBI बैंक के ब्रांच मैनेजर की ओर से चार जनों के खिलाफ अलग-अलग नामजद मामले दर्ज करवाए गए है।

पुलिस ने बताया- सांगानेर के नगर निगम रोड पर स्थित SBI बैंक के ब्रांच मैनेजर नवनीत निगम की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। शिकायत में बताया गया कि उनकी ब्रांच से 4 लोगों ने फेक डॉक्यूमेंट्स की फाइलें तैयार कर बैंक में लोन के लिए लगाई। जिसके आधार पर बैंक से लाखों रुपए का लोन पास करवा लिया।

आरोपियों ने फेक सैलरी स्लिप और ज्वाइनिंग लेटर लगाया

इसमें अशोक कुमार बैरवा ने 11 लाख रुपए, धर्मराज मीना ने 12.85 लाख रुपए, गौरव नागपाल ने 10 लाख रुपए और तरुण चतुर्वेदी ने 14.33 लाख रुपए का लोन उठाया।

चारों आरोपियों की फाइलों की जांच करने पर लोन के लिए दिए डॉक्यूमेंट फेक होने का पता चला। डॉक्यूमेंट में फेक सैलरी सर्टिफिकेट, सैलरी स्लिप और फेक ज्वाइनिंग लेटर लगा होना मिला।

बाल सुधार गृह बना अपराधियों का संपर्क केंद्र? मोबाइल-गांजा मिलने के बाद गैंगस्टर कनेक्शन की जांच



24 न्यूज अपडेट

जयपुर के सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह में बीते दिनों मोबाइल फोन और नशे की सामग्री मिलने के बाद कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। 16 नवंबर को जयपुर कमिश्नरेट की CST टीम ने बाल सुधार गृह में छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया था।

इस दौरान बड़ी संख्या में मोबाइल फोन और नशे की सामग्री बरामद हुई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बाल अपचारी किन लोगों के संपर्क में थे और कहीं बाहरी आपराधिक नेटवर्क इनका इस्तेमाल तो नहीं कर रहे थे।

लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा जैसे गैंगस्टरों के नेटवर्क में कम उम्र के युवाओं को जोड़ने की आशंका के चलते पुलिस इसकी भी जांच कर रही है।

50 पुलिसकर्मियों की टीम कर रही संपर्कों की जांच

स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान के अनुसार, पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है कि बाल सुधार गृह में रह रहे बाल अपचारी किन-किन लोगों के संपर्क में हैं। इसके लिए करीब 50 पुलिसकर्मियों की विशेष टीम बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि अपराधी नाबालिगों का दुरुपयोग करते हैं। इसी को देखते हुए बाल संप्रेक्षण केंद्र में कार्रवाई की गई है। पुलिस की बाल सुधार गृहों पर नजर है, ताकि कोई असामाजिक तत्व बच्चों का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों के लिए नहीं कर सके।

सोशल मीडिया से अपराधी ब्रेनवॉश कर रहे

जांच एजेंसियों के सामने यह आशंका भी है कि गैंगस्टर सोशल मीडिया, मोबाइल फोन और अपने गुर्गों के माध्यम से नाबालिगों से संपर्क बनाते हैं। लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा जैसे गैंगस्टरों के नेटवर्क में कम उम्र के युवाओं को जोड़ने की आशंकाएं भी पुलिस की जांच का हिस्सा रही हैं।

हालांकि, बाल सुधार गृह में मिले मोबाइल फोन और नशे की सामग्री का किसी विशेष गैंगस्टर नेटवर्क से संबंध अभी जांच में प्रमाणित होना बाकी है।

सगे भाई ने धारदार हथियार से किया हमला, सिर फोड़ा:खून से लथपथ हालत में हॉस्पिटल लाए, टांके आए

बांसवाड़ा के सदर थाना क्षेत्र के खांडा डेरा गांव में सगे भाई के हमले में एक युवक घायल हो गया। परिजनों के अनुसार, किसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ था। इसी दौरान भाई ने निलेश पर धारदार हथियार से वार कर दिया। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे शुक्रवार देर रात महात्मा गांधी (एमजी) हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

सिर में चोट लगी, खून से लथपथ हालत में हॉस्पिटल लाए

परिजनों के अनुसार, घायल युवक की पहचान निलेश पिता गट्टू के रूप में हुई है। उसके चचेरे भाई दुर्गेश ने बताया कि निलेश और उसके सगे भाई के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान भाई ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया।

हमले में निलेश के सिर में गंभीर चोट लगी और सिर फट गया। वह खून से लथपथ हो गया। परिजन उसे शुक्रवार देर रात एमजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने सिर में टांके लगाकर उसका इलाज किया।

किस बात को लेकर विवाद हुआ, स्पष्ट नहीं

परिजनों ने बताया कि दोनों भाई खेतीबाड़ी का काम करते हैं। जमीन को लेकर विवाद होने की बात से उन्होंने इनकार किया है। दोनों के बीच विवाद किस बात पर शुरू हुआ, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

फिलहाल घायल निलेश का एमजी हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

ऑपरेशन त्रिनेत्र: तस्कर शोयब खान की 70 लाख की संपत्ति फ्रीज

24 न्यूज अपडेट

जयपुर 21 नवंबर। महानिदेशक पुलिस राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत आरोपी शोयब खान की करीब 70 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति फ्रीज करवाई है। आरोपी द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित आय से अरनोद थाना क्षेत्र के देवल्दी गांव में आलीशान मकान बनाया गया था। सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक सफेमा, नई दिल्ली ने 20 नवंबर 2026 को संपत्ति फ्रीज करने के आदेश की पुष्टि की। इसके बाद 21 नवंबर को अरनोद थाना पुलिस ने मकान पर फ्रीजिंग का बोर्ड लगाकर संपत्ति को फ्रीज कर दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक विशाल जांगिड़ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयदेव सियाग एवं अरनोद वृत्ताधिकारी चन्द्रशेखर पालीवाल के मार्गदर्शन में थानाधिकारी शिवलाल मीणा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि देवल्दी निवासी शोयब खान लंबे समय से ब्राउन शुगर और एमडी जैसे मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त एवं तस्करी में लिप्त है और उसने इस अवैध कारोबार से संपत्ति अर्जित की है।

इस पर पुलिस टीम ने आरोपी की वित्तीय जांच कर उसकी चल-अचल संपत्तियों को चिन्हित किया। जांच में देवल्दी गांव की आबादी भूमि पर स्थित करीब 70 लाख रुपये बाजार मूल्य का आलीशान मकान मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध आय से बनाया जाना पाया गया। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत फ्रीजिंग आदेश तैयार कर 26 अक्टूबर 2026 को सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक सफेमा, नई दिल्ली को भेजा गया। सुनवाई के बाद 20 नवंबर को प्राधिकारी ने संपत्ति फ्रीज करने के आदेश की पुष्टि कर दी।

ब्राउन शुगर और एमडी तस्करी में संलिप्तता घटना के अनुसार 9 सितंबर 2019 को धोलापानी थाना पुलिस ने शोयब खान के कब्जे से 230 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद कर उसे गिरफ्तार किया था। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था।

वहीं, 25 जुलाई 2026 को अरनोद थाना पुलिस ने भावगढ़ फंटे पर नाकाबंदी के दौरान मेहमूद खान निवासी भावगढ़, जिला मंदसौर मध्यप्रदेश के कब्जे से 12 ग्राम एमडी बरामद कर उसे गिरफ्तार किया था। इस दौरान मोटरसाइकिल भी जब्त की गई थी। पुलिस के अनुसार, मेहमूद खान ने पूछताछ में एमडी शोयब खान से खरीदकर लाना बताया। इस प्रकरण में शोयब खान फरार चल रहा है और उसकी तलाश जारी है।

आरोपी के खिलाफ छह आपराधिक प्रकरण दर्ज पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, शोयब खान के खिलाफ वर्ष 2013 से 2026 तक अरनोद, प्रतापगढ़ और धोलापानी थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, राजकार्य में बाधा, अवैध हथियार, उद्यापन तथा ब्राउन शुगर एवं एमडी तस्करी से संबंधित कुल छह प्रकरण दर्ज हैं। इन सभी मामलों में न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है और प्रकरण विचाराधीन हैं।

इस कार्रवाई में अरनोद थाना पुलिस के साथ जिला पुलिस कार्यालय की टीम का भी सहयोग रहा। जिसमे थानाधिकारी शिवलाल मीणा, उप निरीक्षक प्रेमलाल, अरविंद कुमार, हेड कांस्टेबल प्रभुराम तथा कांस्टेबल हनुमान, मुकेश कुमार, पांचूराम, दलीप कुमार, लक्ष्मण सिंह, दीपक कुमार एवं आशीष कुमार शामिल रहे।

दो बच्चों की मां अचानक लापता, घर से नकदी-जेवर भी गायब; पड़ोसी युवक पर शक



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान के अजमेर जिले के केकड़ी की एक आवासीय कॉलोनी से 29 वर्षीय विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। यह महिला 29 वर्ष की है और दो बच्चों की मां है। विवाहिता के पति ने पुलिस थाने में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने अपने ही मोहल्ले के एक विवाहित युवक पर पत्नी को अपने साथ भगा ले जाने का संदेह जताया है। पति ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया कि घर से नकदी, जेवरात और अन्य सामान भी गायब नजर आ रहा है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि लापता विवाहिता अपने साथ ये सभी चीजें भी ले गई है।

परिवादी ने पुलिस को जानकारी दी कि उसकी पत्नी गत 19 नवंबर को दोपहर करीब 3 बजे से 3:30 बजे के बीच घर से कहीं चली गई। उसने परिवार के किसी सदस्य को इसकी जानकारी नहीं दी थी। परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाश की। परिजनों और रिश्तेदारों के यहां भी उसका पता लगाने की कोशिश की गई। लेकिन विवाहिता का कोई सुराग नहीं मिल पाया। महिला के अचानक इस प्रकार लापता हो जाने से उसका पूरा परिवार सकते में आ गया है।

विवाहिता के लापता होने का मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार, परिवादी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी 19 नवंबर को दोपहर के समय घर से निकली थी। वह दोपहर करीब 3 बजे से 3:30 बजे के बीच बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई। परिवार के सदस्यों ने उसकी काफी खोजबीन की। उन्होंने परिजनों और रिश्तेदारों के यहां भी उसे ढूंढा। लेकिन विवाहिता का कोई पता नहीं चल सका। महिला दो बच्चों की मां है, और उसके इस तरह अचानक लापता होने से पूरा परिवार सदमे में है।

घर से नकदी और जेवरात गायब

परिवादी ने अपनी रिपोर्ट में मोहल्ले में ही रहने वाले एक शादीशुदा युवक पर पत्नी को अपने साथ भगा ले जाने का संदेह जताया है। परिवादी के अनुसार, उसकी पत्नी के घर से जाने के बाद उन्होंने घर की अलमारियां संभालीं। साथ ही अन्य स्टोरेज स्थानों की भी जांच की। इस दौरान घर में रखी नकदी, जेवरात और अन्य सामान भी गायब मिला। परिवार के लोग यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वास्तव में क्या-क्या चीजें गायब हुई हैं। इसके लिए परिजन घर का सामान व्यवस्थित कर रहे हैं। परिवादी के दो बच्चे हैं। जिस युवक पर पत्नी को साथ ले जाने का संदेह जताया गया है, वह भी शादीशुदा है और उसके भी बच्चे हैं।



डूंगरपुर में BAP बनी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत, 101 सीटों पर कब्जा; भाजपा-कांग्रेस दोनों पीछे



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। दक्षिण राजस्थान की आदिवासी राजनीति में भारत आदिवासी पार्टी (BAP) ने अपनी ताकत का ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसने भाजपा और कांग्रेस दोनों की चिंता बढ़ा दी है। डूंगरपुर पंचायतीराज चुनाव में पहली बार चुनावी मैदान में उतरी बीएपी जिले की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। जिले की 14 पंचायत समितियों और जिला परिषद की कुल 335 सीटों में से बीएपी ने 101 सीटें जीतकर पहला स्थान हासिल किया है। वहीं कांग्रेस 83 सीटों के साथ दूसरे और भाजपा 82 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

चुनाव परिणामों ने साफ कर दिया है कि डूंगरपुर की ग्रामीण राजनीति में बीएपी ने अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। खास बात यह है कि भाजपा और कांग्रेस जैसी स्थापित पार्टियों के सामने बीएपी ने पहली ही बड़ी चुनावी परीक्षा में चुनौती पेश कर दी। हालांकि, जिला परिषद में तस्वीर अलग है। यहां भाजपा और बीएपी दोनों 14-14 सीटों के साथ बराबरी पर हैं। ऐसे में जिला प्रमुख की कुर्सी का फैसला अब कांग्रेस के रुख पर निर्भर करता दिखाई दे रहा है।

जिला प्रमुख की कुर्सी पर त्रिकोणीय राजनीति, कांग्रेस के हाथ में सत्ता की चाबी

जिला परिषद की कुल सीटों में भाजपा और बीएपी दोनों ने 14-14 सीटें हासिल की हैं, जबकि कांग्रेस के खाते में 9 सीटें आई हैं। जिला प्रमुख बनाने के लिए 19 सदस्यों का समर्थन जरूरी है। ऐसे में भाजपा और बीएपी दोनों बहुमत से पांच सीट दूर हैं।

अब राजनीतिक गलियारों में सबसे बड़ा सवाल यही है कि कांग्रेस किसका साथ देगी? क्या कांग्रेस भाजपा को समर्थन देकर जिला प्रमुख बनाने का रास्ता साफ करेगी या बीएपी के साथ नए राजनीतिक समीकरण तैयार करेगी? कांग्रेस के नौ सदस्यों का समर्थन जिस तरफ जाएगा, जिला परिषद की सत्ता का गणित उसी तरफ झुक सकता है।

पंचायत समितियों में BAP का दबदबा, भाजपा-कांग्रेस को पछाड़ा

पंचायत समिति चुनावों में भी बीएपी ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिले की 14 पंचायत समितियों की कुल 234 सीटों में से बीएपी ने 87 सीटें जीतकर पहला स्थान हासिल किया। कांग्रेस को 74 और भाजपा को 68 सीटें मिलीं।

पहली बार चुनाव लड़ने वाली बीएपी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी राजनीतिक ताकत का अहसास करा दिया है। वहीं भाजपा प्रदेश में सत्ता में होने के बावजूद पंचायत समिति चुनाव में बीएपी और कांग्रेस से पीछे रह गई। यह परिणाम जिले की स्थानीय राजनीति में बदलते जनसमर्थन का संकेत दे रहे हैं।

कम सीटें, फिर भी प्रधान बनाने में भाजपा आगे

दिलचस्प राजनीतिक तस्वीर यह है कि कुल सीटों के मामले में तीसरे नंबर पर रहने वाली भाजपा पंचायत समिति प्रधान बनाने के गणित में आगे निकलती दिखाई दे रही है। जिले की 14 पंचायत समितियों में भाजपा को चार जगह स्पष्ट बहुमत मिला है। कांग्रेस और बीएपी को तीन-तीन पंचायत समितियों में बहुमत हासिल हुआ है।

वहीं चार पंचायत समितियां ऐसी हैं, जहां किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। यहां निर्दलीय सदस्यों और दूसरे दलों के समर्थन से प्रधान बनाने की रणनीति तैयार होगी। ऐसे में इन पंचायत समितियों में राजनीतिक जोड़-तोड़ और गठबंधन का दौर देखने को मिल सकता है।

किस पार्टी का कहां बन सकता है प्रधान?

-भाजपा (4 पंचायत समितियां):
सागवाड़ा, साबला, पाड़वा और भंडारी।
-कांग्रेस (3 पंचायत समितियां):
डूंगरपुर, गामड़ी अहाड़ा और दोवड़ा।
-बीएपी (3 पंचायत समितियां):
चिखली, झोंथरी और गलियाकोट।
-बहुमत का पेच (4 पंचायत समितियां):
देवल, बिछीवाड़ा, सीमलवाड़ा और आसपुर।

अब नजर कांग्रेस के अगले कदम पर

डूंगरपुर के चुनाव परिणामों ने जिले की राजनीति में नए समीकरणों की जमीन तैयार कर दी है। एक तरफ बीएपी ने पहली बार में ही सबसे बड़ी पार्टी बनकर अपनी ताकत दिखाई है, तो दूसरी तरफ भाजपा और कांग्रेस के सामने अपनी राजनीतिक रणनीति साबित करने की चुनौती है।

जिला परिषद में कांग्रेस के नौ सदस्य और चार पंचायत समितियों में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से आने वाले दिनों में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। अब देखना होगा कि कांग्रेस किसके साथ खड़ी होती है और बीएपी अपने चुनावी प्रदर्शन को जिला परिषद की सत्ता में कितनी मजबूती से बदल पाती है।

डूंगरपुर की राजनीति में अब असली मुकाबला चुनाव जीतने

शक्तिनगर के सन्त निवास में तीन दिवसीय श्री गुरुनानक जयंती उत्सव का होगा आयोजन, 24 नवंबर को लंगर के साथ समापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्री गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर शहर के शक्तिनगर स्थित 'सन्त निवास' में रविवार, 22 नवंबर से तीन दिवसीय श्री गुरुनानक जयंती उत्सव का शुभारंभ होगा। 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक उत्सव में प्रतिदिन गुरुवाणी पाठ, कथा, महिला सत्संग, हवन, आरती और अरदास सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

उत्सव के पहले दिन रविवार को सुबह 7 बजे श्री आसादीवार पाठ, 8 बजे कथा कार्तिक तथा 9:15 बजे हवन पूजा होगी। इसके बाद आरती, अरदास और पाठ का क्रम रहेगा। शाम 5 से 6:30 बजे तक महिला सत्संग और शाम 7 बजे आरती होगी।

दूसरे दिन सोमवार, 23 नवंबर को सुबह 7 बजे श्री आसादीवार पाठ, 8 बजे कथा कार्तिक और 9 बजे आरती होगी। शाम को 5 से 6:30 बजे तक महिला सत्संग तथा 7 बजे आरती का आयोजन किया जाएगा।

उत्सव के अंतिम दिन मंगलवार, 24 नवंबर को सुबह 7 बजे श्री आसादीवार पाठ और 8 बजे कथा कार्तिक भोग होगा। सुबह 11 बजे से पाठ साहिब भोग के बाद पूर्णाहुति, आरती एवं अरदास की जाएगी। इसके पश्चात लंगर साहिब का आयोजन होगा और तीन दिवसीय धार्मिक उत्सव का समापन होगा।

आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। तीनों दिन होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में संगत से शामिल होकर गुरुनानक देव महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया गया है।

जीतो उदयपुर चैप्टर के विभिन्न वर्टिकल्स के कन्वीनर और को-कन्वीनर घोषित, 20 से अधिक टीमों को सौंपी जिम्मेदारी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 21 नवंबर। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) समाज में सेवा, ज्ञान और आर्थिक सशक्तिकरण के तीन प्रमुख उद्देश्यों को लेकर देश-विदेश के 137 स्थानों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में जीतो उदयपुर चैप्टर ने विभिन्न वर्टिकल्स के कन्वीनर और को-कन्वीनर की घोषणा की है।

जीतो उदयपुर चैप्टर के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि समाज को सशक्त एवं समृद्ध बनाने के उद्देश्य से जीतो अपेक्स द्वारा विभिन्न वर्टिकल्स के माध्यम से कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी के तहत उदयपुर चैप्टर में अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

घोषित नियुक्तियों के अनुसार जीतो बिजनेस नेटवर्किंग (जेबीएन) में विनय कोठारी और अंशुल जैन, जैन प्रोफेशनल फोरम (जेपीएफ) में शिरीष शाह और अल्पेश जैन, जीतो जॉब्स में हंसराज चौधरी, सेंटर फॉर एक्सीलेंस में विप्लव मेहता और कुणाल चौधरी, जीतो मेट्रीमॉनी में अजीत छाजेड़ और अक्षय बड़ाला तथा जीतो प्रीमियर लीग में आशीष जैन और दीपक सिसोदिया को जिम्मेदारी दी गई है।

इसी प्रकार जीतो ओलंपियाड में रोमिल जैन और सौरभ बड़जात्या, जीतो इंटरनेशनल विंग में प्रिंस हिरण और प्रखिल सामर, जीतो टाउन रिप्रजेंटेटिव में महेंद्र तलेसरा, जीतो एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग फाउंडेशन में अजय जैन, जीतो एनवायरमेंट में कपिल इंटोदिया और अंकुर बोर्दिया तथा जीतो एंटरप्रेन्योर फोरम में गौरव कोठारी और जय दोषी को मनोनीत किया गया है।

इसके अलावा जीतो इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन में गौरव बड़ाला और पूर्विल कूकड़ा, जीतो एजुकेशन असिस्टेंट प्रोग्राम में राजीव सुराणा और सीए विकास जैन, जीतो स्पोर्ट्स में अक्षय जैन और कार्तिक नाहर, जे पॉइंट में सौरभ कोठारी और अमित जैन तथा श्रमण आरोग्यम में कुलदीप नाहर और रमेश खोखावत को दायित्व सौंपा गया है। वहीं 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य नवकार दिवस के लिए वैभव भंडारी और चिंतन लोढ़ा का मनोनयन किया गया है।

चैप्टर के चीफ सेक्रेटरी सुधीर चित्तौड़ा ने बताया कि सभी वर्टिकल्स के नवनियुक्त पदाधिकारी एक वर्ष का रोडमैप तैयार करेंगे और जल्द ही अपने-अपने कार्यों की शुरुआत करेंगे। इन नियुक्तियों का उद्देश्य संगठन की गतिविधियों को गति देना और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा, शिक्षा, व्यवसाय एवं सामाजिक विकास के कार्यों को आगे बढ़ाना है।

उदयपुर में ठंडी हवाओं ने बढ़ाई सर्दी, रात के तापमान में 2.8 डिग्री की गिरावट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मेवाड़ में सर्दी का असर धीरे-धीरे तेज होने लगा है। उदयपुर में चल रही ठंडी हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। दिन के मुकाबले रात और सुबह के समय ठंड का असर ज्यादा महसूस होने लगा है। तापमान में अचानक आई गिरावट के चलते लोगों को अब गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम में आए बदलाव का असर रात के तापमान पर भी देखने को मिला है। उदयपुर में एक ही दिन के भीतर न्यूनतम तापमान में 2.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि रात का तापमान अभी 10 डिग्री के पार बना हुआ है, लेकिन लगातार चल रही ठंडी हवाओं के कारण ठंड का एहसास ज्यादा हो रहा है।

सुबह जल्दी घर से निकलने वाले लोगों, मॉर्निंग वॉक करने वालों और कामकाज के सिलसिले में बाहर जाने वालों को ठंडी हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं देर रात सड़कों पर आवाजाही करने वालों को भी गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगी है।

सर्दी बढ़ने के साथ ही बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ने की संभावना है। मौसम में बदलाव के चलते लोग सुबह और रात के समय विशेष सावधानी बरत रहे हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाने की जरूरत है।

फिलहाल उदयपुर में सर्दी की शुरुआत के साथ ही मौसम ने करवट ले ली है। आने वाले दिनों में तापमान में होने वाले उतार-चढ़ाव पर लोगों की नजर रहेगी।

उदयपुर-नीमच मार्ग पर यात्रियों को मिलेगी राहत, आज से शुरू होंगी दो नई रोडवेज बसें; कुल 10 बसों का होगा संचालन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर से मध्यप्रदेश के नीमच जाने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। इस मार्ग पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज से दो नई रोडवेज बसों का संचालन शुरू किया जा रहा है। नई बसें शुरू होने से उदयपुर-नीमच मार्ग पर रोडवेज बसों की संख्या बढ़कर 10 हो जाएगी।

दो नई बसों के संचालन से यात्रियों को आवागमन के लिए अधिक विकल्प मिलेंगे। खासकर उदयपुर और नीमच के बीच नियमित यात्रा करने वाले यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। बसों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी के साथ सफर में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

इस मार्ग पर बसों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को बसों के लिए लंबा इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा। उदयपुर से नीमच के बीच आवागमन करने वाले लोगों के लिए रोडवेज की यह नई सुविधा राहतभरी साबित हो सकती है।

विदेशी मेहमानों ने बांधा राजस्थानी साफा, 10 सेकेंड में बांधने वाले मैक्सिको के कपल को पहला खिताब



24 न्यूज अपडेट

पुष्कर मेले में आयोजित साफा बांधने और तिलक लगाने की प्रतियोगिता में 10 से अधिक देशों के करीब 20 कपल शामिल हुए। मैक्सिको के कपल ने महज 10 सेकेंड में साफा बांधकर पहला स्थान हासिल किया। इटली दूसरे और इंग्लैंड तीसरे स्थान पर रहा। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में विदेशी पर्यटकों को राजस्थानी संस्कृति और परंपराओं से रूबरू कराने के लिए मेला मैदान में साफा बांधने और तिलक लगाने की अनूठी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 10 से अधिक देशों के करीब 20 कपल ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में मैक्सिको के कपल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। खास बात यह रही कि इस कपल ने महज 10 सेकेंड में साफा बांधकर निर्णायकों और दर्शकों को चौंका दिया। वहीं, इटली के कपल ने दूसरा और इंग्लैंड के कपल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।